RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 337

हिसार | सोमवार, 4 मार्च, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रुपए



## सुप्रीम कोर्ट ने 1998 का फैसला पलटा, वोट के बदले नोट वाले जाएंगे जेल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 4 मार्च :** वोट के बदले नोट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। सोमवार 4 मार्च, 2024 को कोर्ट ने साल 1998 का फैसला पलटते हुए कहा कि सांसद और विधायकों को छूट नहीं दी जा सकती है। साथ ही कहा कि यह विशेषाधिकार के तहत नहीं आता है। कोर्ट की ओर से इस दौरान कहा गया कि इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि घूस लेने वाले ने घूस देने वाले के मुताबिक वोट दिया या नहीं। वोट के लिए रिश्वत लेना विधायी काम का हिस्सा नहीं है। विषेधाधिकार सदन के कामकाज से जुड़े विषय के लिए है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 1998 का नरसिंह राव फैसला पलट दिया। मामले में चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 7 जजों की बेंच का यह साझा फैसला है। इस फैसले का सीधा असर झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) की सीता सोरेन पर पड़ेगा। उन्होंने विधायक रहते रिश्वत लेकर 2012 के राज्यसभा चुनाव में वोट डालने के मामले में राहत की मांग की थी। सांसदों को अनुच्छेद 105(2) और विधायकों को 194(2) के तहत सदन के अंदर की गतिविधि के लिए मुकदमे से छूट मिली है। कोर्ट ने साफ किया कि रिश्वत लेने के मामले में यह छूट नहीं मिल सकती है।

## राजगुरु मार्किट सैनी ट्रस्ट व दुकान के विवाद में नया मोड़



पीड़ित पक्ष पुलिस अधीक्षक से मिलने गया।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** राजगुरू मार्किट में दुकानदार और सैनी ट्रस्ट के बीच विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। श्रीमती संतोष सैनी और दीपिका ने प्रार्थना पत्र लिख कर पुलिस अधीक्षक को दिया है कि दुकान का ताला तोड़ कर सामान चुराने के आरोप को डकैती का मामला दर्ज किया जाए। विदित हुआ है कि सैनी ट्रस्ट की आज बैठक होगी जिसमें विवाद सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। उधर सैनी समाज के प्रमुख लोगों सर्वश्री अनिल सैनी व शिव सैनी ने ट्रस्ट के प्रधान ओमप्रकाश राड़ा को आग्रह किया है कि विधवा बहू के नाम यह दुकान बिना शुल्क के करवा दी जाए। ताला तोड़ना बिल्कुल उचित नहीं था। सैनी ट्रस्ट के प्रधान श्री ओम प्रकाश राड़ा ने फोन नहीं उठाया, जिस कारण उनकी बात नहीं रखी जा सकी।






# सम्पादकीय..........

## अनेक सदियों में वानरों या मनुष्यों में हुए हजारों आनुवंशिक परिवर्तन

यह सवाल पुराना है कि इंसानों की पूंछ कहां गई? अमेरिकी शोधकर्ताओं ने मनुष्यों और अन्य वानरों द्वारा साझा किए जाने वाले आनुवंशिक परिवर्तनों की पड़ताल की है। अनुमान है कि लगभग 2.5 करोड़ वर्ष पहले हमारे पूर्वजों ने अपनी पूंछ गंवा दी थी। वास्तव में पूंछ संबंधी यह खोज ढाई वर्ष पहले हो गई थी, किंतु व्यावहारिक रूप से चूहों पर कुछ परीक्षण कार्य चल रहा था। जीन-संपादित चूहों के कई उपभेदों को विकसित करने और अतिरिक्त परीक्षण करने की जरूरत थी, ताकि आनुवंशिक परिवर्तनों का प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आए। इस कार्य में शोधकर्ताओं को सफलता मिली है और उसके बाद ही शोध का प्रकाशन हुआ। जीनोम में इंसानों के समान ही बदलाव करके चूहों की पूंछ को छोटा या खत्म करना संभव है। इस नई शोध का सर्वाधिक श्रेय आनुवंशिकीविद बो जिया को दिया जा रहा है। पूंछ का सवाल उन्हें बचपन से परेशान करता आ रहा था और कुछ साल पहले इस विषय पर शोध की जरूरत उन्हें इसलिए महसूस हुई, क्योंकि वह खुद टेलबोन की चोट से उबर रहे थे। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में पीएचडी के दौरान ही उन्होंने इस पर गंभीरता से काम शुरू कर दिया था और अब उनकी टीम की मेहनत रंग लाई है। अधिकांश बंदरों के विपरीत, वानरों - जिनमें मनुष्य भी शामिल हैं - और उनके करीबी विलुप्त रिश्तेदारों की पूंछ नहीं होती है। उनका कोक्सीक्स या टेलबोन कशेरुकाओं का एक अवशेष है, जो अन्य जानवरों में अभी भी पूंछ का निर्माण करता है। इस विशेषता या बदलाव का आनुवंशिक आधार डॉक्टर जिया और उनकी टीम ने ढूंढ़ लिया है। अब डॉक्टर जिया कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में एमआईटी और हार्वर्ड के ब्रॉड इंस्टीट्यूट में शोधरत हैं। यह स्पष्ट है कि जीन के प्रभाव में ही इंसानों की पूंछ गायब हुई है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए जीनोम ब्राउजर से पता चला है कि मनुष्य और अन्य वानरों में टीबीएक्सटी डीएनए सम्मिलन होता है, जो बंदरों जैसी पूंछ वाले अन्य जीवों के पास नहीं होता है। टीबीएक्सटी के माउस संस्करण की प्रतिलिपि वाले जीन-संपादित चूहों में पूंछ दोषों की एक श्रृंखला थी। शोध या परीक्षण के दौरान कुछ चूहों की पूंछ छोटी हो गई थी या पूरी तरह गायब हो गई थी या कुछ दूसरे प्रकार के भी प्रभाव हुए थे। जब टीबीएक्सटी के चूहा या माउस संस्करण में वानर आनुवंशिक को मिलाया जाए, तो पूंछ का नुकसान हो सकता है। यह भी एक रोचक खोज है कि पूंछ के विकास के लिए करीब 140 जीन जिम्मेदार हो सकते हैं। मतलब, मानव का विकास ही ऐसे हो रहा था कि पूंछ का अंत होना ही था। शोधकर्ताओं ने पता किया है कि बीती सदियों में वानरों या मनुष्यों में हजारों आनुवंशिक परिवर्तन हुए हैं और अभी भी हो रहे हैं। आनुवंशिक तंत्र की वजह से ही पूंछ इंसानों के शरीर से विदा हो चुकी है, लेकिन इंसान अपनी पूंछ को भूल नहीं पा रहा है। जब पूंछ विदा हुई होगी, तो इंसानों को सीधे चलने में सुविधा हुई होगी और उनका पेड़ों पर चढ़ना कम हुआ होगा। बहरहाल, जीवाश्मों से भी पता चलता है कि प्रारंभिक वानर पेड़ों पर रहने वाले बंदरों की तरह चार पैरों पर चलते थे और लाखों साल बाद दो पैरों पर चलने की क्षमता विकसित हुई। वैसे, वानर ही ऐसे एकमात्र प्राइमेट नहीं हैं, जिनके पास पूंछ नहीं है : मैंड्रिल, कुछ मकाउ और बड़ी आंखों वाले लोरिस की भी पूंछ नहीं होती है, जिससे पता चलता है कि पूंछ न होने का गुण अनेक जीवों में विकसित हुआ है।

# स्नेह और सहयोग की भावना ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है!

-पाठकपक्ष डेस्क-



अपने आप को शरारिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि अपने आप को व्यस्त रखा जाए,सही ही कहा गया है जो अपने काम में व्यस्त रहते हैं, वही मौज में मस्त रहते हैं, जो ऐसा नहीं करते, वो खुद भी संतप्त रहते हैं और दूसरे भी उनसे संत्रस्त रहते है। मन को तो कहीं न कहीं बिज़ी रखना बहुत जरूरी है, नहीं तो अनावश्यक सोच सोच कर अपने लिए उलझनें पैदा कर लेता है, जो घटनाएं कभी हुई नहीं उनके होने की संभावना का चिंतन कर के डर के विचार पैदा कर लेगा, यह हो गया तो क्या होगा? यदि इसे काम न दिया जाए तो यह भय, चिंता, उदासी और निराशा के नकारात्मक ख्यालों में डूब कर अपने को बोझिल कर लेता है और इससे वातावरण में भी नेगेटिव ऊर्जा की तरंगें फैल जाती है। जैसे एक जिन की कहानी सुनाते हैं कि उसको अगर काम नहीं दिया गया तो वह अपने मालिक को ही खत्म करने पर उतारू हो गया, हमारा मन भी उस जैसा जिन ही समझों। मन को कुछ नया और रचनात्मक सोचने में लगाना बहुत जरूरी है तभी यह शांत और सुकून में रह सकता है। इसके लिए सबसे पहले तो हमें जो हम पहले से करते आ रहे हैं, उसे नये ढंग और नये दृष्टि कोण से देखने, सोचने और समझने में लगाना चाहिए। अपने मन को स्नेह और सहयोग से चलाना आना चाहिए। एक बार जीरो से नौ के अंकों की मीटिंग चल रही थी।नौ का अंक मीटिंग का अध्यक्ष था। उस सभा में एक सवाल उछाला गया कि परमात्मा है या नहीं है? इसके उत्तर में मीटिंग के सदस्य आपस में वाद-विवाद करने लगे क्योंकि सब अपने अपने ढंग से अपने को 'मैं ही सही हूं' सिद्ध करने में लगे थे। इस बहस के कारण तनाव में आकर नौ के अंक ने आठ के अंक को थप्पड़ लगा दिया।आठ का अंक उसके सामने तो चुप रहा, लेकिन उसने अपना क्रोध अपने से छोटे अंक सात को थप्पड़ लगा दिया और यह सिलसिला चलता चलता एक के अंक तक पहुंच गया, अर्थात दो के अंक ने अपने से छोटे एक अंक को थप्पड़ लगा दिया तो उसने सोचा कि मुझे कुछ नया करना चाहिए, मुझे पुराने ढर्रे पर नहीं चलना, कुछ परिवर्तन करके दिखाना है और कोई नहीं पहल करनी चाहिए। चाहता तो वह भी पास बैठे ज़ीरो अंक को थप्पड़ लगा सकता था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया, उसने नया रास्ता अपनाया। उसने पास बैठे ज़ीरो के अंक को गले से लगा लिया और इस प्रकार वो दोनों मिलकर दस हो गये और अब अध्यक्ष की कुर्सी नौ अंक से छिन गई और दस का अंक अध्यक्ष बन गया। कहने का मतलब यह है कि आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि कुछ नया और अलग सोचा जाए, जो गलतियां दूसरे कर रहे हैं, उन्हें सुधार कर नया रास्ता निकाला जाएं, जो स्नेह और सहयोग से ही संभव होता है।

-डॉ. कमलेश कली

# सुण मौल्लड़ की



एक मास में 5 पुलिस कर्मियों की हार्ट अटैक से मृत्यु। सरकार थानों में व्यायाम के लिए जिम की सुविधा देगी।

**बैठक ज्यादा, कसरत कम, गात ढीले, रोग बढ़े।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे। नए लोगों का संपर्क भाग्योदय में सहायक रहेगा। सामाजिक कार्यों में हिस्सेदारी बढेगी।

**वृषभ :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करे। मन में उदासी बनी रहेगी। खान-पान संभल कर करे। स्वास्थय संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। दुर्गा माता की पूजा करे।

**मिथुन :** व्यापारिक साझेंदारी लाभकारी रहेगी। बड़े व्यापारिक सौदे हाथ आएंगे। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी।

**कर्क :** यात्रा होने की संभावना। विरोधिों से सावधान रहे। वितीय निवेशन करे। भगवान हनुमान की पूजा करे।

**सिंह :** दुविधा से छुटकारा मिलेगा। रूचि का काम मिलने में मन प्रसन्न रहेगा। सही समय पर फैसला लेने से राह आसान होगी।

**कन्या :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। मन में चिंता व तनाव बना रहेगा। भगवान विष्णु जी की पूजा करे।

**तुला :** कार्यों में आ रही अड़चने दूर होगी। नई योजनाओं की शुरूआत होगी। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।

**वृश्चिक :** पड़ोसियों के साथ संबंध में मधुरता बढेगी। मेहमानों की आवाजाही रहेगी। बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी।

**धनु :** अत्यधिक भावुक होने से बचे। जल्दबाजी से कोई कार्य न करे। धैर्य से काम ले।

**मकर :** उधार के लेन देन से बचे। नई योजनाओं की शुरूआत में बांधा आएगी। कार्यो को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय न ले। भगवान शिव जी की पूजा करे।

**कुंभ :** आर्थिक लाभ होने की संभावना। उपहार प्राप्त हो सकता है। भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन :** सूझ-बूझ से कार्य करेंगे। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# एनवाईपीएस में यशोदा धाम का शुभारम्भ

## लड़कियों की शिक्षा के प्रति यशोदा माथुर का योगदान अग्रणी रहा : केपी माथुर



*राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में बहन सुभाग माथुर का योगदान भी महत्त्वपूर्ण रहा*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल हिसार में यशोदा धाम का शुभारम्भ किया गया। स्कूल संस्थापिका के भाई के. पी. माथुर ने रिबन काटकर स्मारक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मैनेजमेंट के सदस्य, अभिभावक तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में के पी माथुर ने विद्यालय की संस्थापिका यशोदा माथुर की दूरदर्शिता, दृढ़ता और कड़ी मेहनत को याद किया। उन्होंने बताया कि यशोदा ने आजादी स्वतंत्रता संग्राम के साथ 1946 में एक महान दूरदृष्टा शिक्षाविद के रूप में चार बच्चों के साथ आधुनिक शिक्षा की ज्योति प्रज्ज्वलित की। उनका लड़कियों की शिक्षा के प्रति विशेष हृदयग्राही प्रेम था। नारी शिक्षा में उनका योगदान अग्रणी रहा, जिसके चलते वे लड़कियों के माता-पिता के शिक्षा के प्रति मानसिक दृष्टिकोण को परिवर्तित करने में सफल रही। राष्ट्र निर्माण के इस श्रेष्ठ कार्य मे उनकी बहन सुभाग माथुर का भी महत्वूपर्ण योगदान रहा। जिसमें उन्होंने सम्मान, उत्साह, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ यशोदा का समर्थन करते हुए इसी भागीरथी प्रयास में अपना जीवन निस्वार्थ भाव से समर्पित किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. जगमेंद्र सिंह ने विद्यालय की संस्थापिका यशोदा माथुर और उनकी छोटी बहन सुभाग माथुर के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को सराहा और न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल को हिसार का सबसे पसंदीदा स्कूल बनाने पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प विद्यालय में ऐसे बच्चे तैयार करना है जिनमें ब्रह्मा जैसे रचनाकार के गुण, उदर में वैश्य सा प्रबंधन, नौ भुजाओं में क्षत्रिय जैसा शौर्य, मन में मानवता का सेवा भाव, मर्यादा में श्री राम के गुण, योगेश्वर कृष्ण जैसा बौद्धिक तार्किक, शिव सी शक्ति, मीरा सी भक्ति, दैविक शक्तियों की अलौकिक सिद्धियां, दयानंद सा धुनी, महाराजा अग्रसेन जैसा समाजवादी तथा गुरु गोविंद सा सशक्त प्रेरक और लक्ष्य भेद में अर्जुन के साथ-साथ इस कलयुग में सरस्वती का वो ज्ञान प्राप्त करे जिससे लक्ष्मी भी घर आए। यथार्थ में एक ऐसी विभूति का निर्माण हो जो पुरुषार्थ तथा परमार्थ में सांसारिक जीवन का योद्धा हो, जो मानव से महामानव बनकर 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' का संदेश लेकर ध्रुव तारे की भांति प्रकाशमान हो। स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती ऋतु बिश्नोई ने कहा कि ज्ञान में श्रेष्ठ, व्यवहार कुशल व भारतीय संस्कार से युक्त युवा पीढ़ी तैयार करना ही एनवाईपीएस का लक्ष्य है।

*प्रेरणा परिवार ने किया मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन*

# हुई खटारा जिंदगी पुर्जे घिसे तमाम, घूटनों में दर्द रहता है बस अब तो रक्षक राम...



*पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 4 मार्च : प्रेरणा परिवार की मासिक काव्य गोष्ठी टाउन पार्क में शुभकरण गौड़ की अधक्षता में आयोजित की गई। मंच संचालन संस्था के महासचिव जयभगवान लाडवालने किया। मुख्य अतिथि नव कलमकार मधुर थे। इस अवसर जयभगवान लाडवाल ने सुनाया-हुई खटारा जिंदगी पुर्जे घिसे तमाम, घूटनों में दर्द रहता है बस अब तो रक्षक राम। शुभकरण गौड ने सुनाया-दर्द ही नहीं घोर अंधरे में भी सुलह की हमने मलाल अब ये है कि भोर की तलब भी नहीं। भीमसिंह हुडा ने कुछ यूं सुनाया-अपनी हकीकत को लोग बताते कहा हैं टूट न जाए तब तक कहते कहा हैं। मधुर ने सुनाया -नकली जिंदगी से हाथ छूटा - हाथ की लकीरों से पिंड छूटा। कृष्ण इंदोरा ने कुछ यूं सुनाया-आज अपने अपनों से उलझ रहे हैं, अपने स्वार्थ में झुलस रहे हैं। ऋषि सक्सेना ने सुनाया -जो अंधरे में काम करते हैं, वही जीना हराम करते हैं, दोस्ती उनसे कभी ना करना जो दुश्मनों के काम करते हैं। इस अवसर पर रमेश दुहन, बेग़रा, ईश्वर सैनी आदि ने भी कविता सुनाई।*

# श्री राधा कृष्ण श्याम मण्डल ने श्रीश्याम बाबा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** श्री राधा कृष्ण श्याम मण्डल के तत्वावधान में श्री श्याम बाबा का वार्षिक उत्सव महावीर कॉलोनी के शिव चौक पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्याम मण्डल के प्रधान रमेश वर्मा ने कहा -हम 2013 से हर साल वार्षिक उत्सव मनाते आ रहे हैं। इस नेक कार्य में कुलदीप सैनी, जयभगवान लाड़वाल, कृष्ण सैनी, मेहेंद्र सैनी, टोनी, विनोद कुमार, कैलाश, प्रमोद, बाबूलाल, सुंदर, मुकेश, माडुराम, नरेश, दिनेश व समस्त महावीर कालोनी वासियों का सहयोग रहा।

# स्व. चौधरी दलबीर सिंह जी की ईमानदारी, सादगी व स्पष्टवादिता ने सभी को किया प्रभावित

## (5 मार्च) पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह जी की जयंती पर विशेष



-पाठकपक्ष डेस्क-

समाज में जब शोषित, पीड़ित और मुख्यधारा से कटे हुए वर्ग की पुकार सुनने वाला कोई नहीं होता तब कोई न कोई मसीहा या देवदूत कहीं से आता है और समाज को नई दिशा दिखाने का काम करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह जी ने भी किसी मसीहा की भांति हमेशा शोषितों, पीड़ितों व वंचित वर्ग का मार्ग प्रशस्त किया और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में अविस्मरणीय भूमिका निभाई। इतना ही नहीं उन्होंने रचनात्मक सोच व जनकल्याणकारी कार्यों से जनता के दिलों में विशिष्ट जगह बना ली। यही कारण है कि आज भी स्वर्गीय चौ. दलबीर सिंह जी को बड़े आदर व सम्मान के साथ याद किया जाता है।

चौ. दलबीर सिंह जी का जन्म हिसार जिले के गांव प्रभुवाला में हुआ। माता के देहावसान के बाद पिता श्री कनीराम ने ही दलबीर सिंह का पालन-पोषण किया। विद्यालय में शिक्षाध्ययन के दौरान उन्हें समाज में व्याप्त बुराइयों का एहसास हो गया। तब उन्होंने मन ही मन ठान लिया कि वे ऐसी बुराइयों को जड़ से मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

चौ. दलबीर सिंह जी का जिस समय जन्म हुआ उस समय पंजाब व हरियाणा का क्षेत्र संयुक्त पंजाब कहलाता था। उन्होंने पंजाब से अलग होते हरियाणा को बड़े करीब से देखा और बदलते राजनीतिक परिदृश्य को भी गंभीरता से समझा। चौ. दलबीर सिंह जी पर शुरू से ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पंडित जवाहरलाल नेहरू का काफी प्रभाव रहा। वे गांधीवादी विचारधारा व पंडित नेहरू की आधुनिक भारत के नवनिर्माण की विचारधारा का अनुसरण करने लगे। उन्होंने इन विचारधाराओं का समन्वय अपने राजनीतिक जीवन में भी बखूबी किया।

बहुत से लोगों की राजनेताओं के प्रति नकारात्मक राय होती है। उनकी नज़र में अधिकतर राजनेता निष्पक्ष व बेदाग नहीं होते लेकिन चौ. दलबीर सिंह जी ने हमेशा निष्पक्ष, बेदाग व स्वच्छ राजनीति की मिसाल कायम की। उन्होंने दिखा दिया कि राजनेता चाहें तो समाज व देश की बेहतरी के लिए कितना श्रेष्ठ कार्य कर सकते हैं। दलबीर सिंह जी की इसी सोच के चलते जनता ने न केवल उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना बल्कि उन्हें कई बार मंत्री पद पर सुशोभित होने का भी अवसर मिला। चौ. दलबीर सिंह जी को चार बार लोकसभा सांसद बनने का मौका मिला। सिरसा लोकसभा का नेतृत्व करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्री के रूप में बड़ी कुशलता व तत्परता से कार्य किया। सिंचाई, पेट्रोलियम और रसायन, भारी उद्योग, निर्माण एवं आवास, शिपिंग और परिवहन मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य करते हुए चौ. दलबीर सिंह जी ने देशहित के विभिन्न निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतना ही नहीं वे मंत्री पद पर रहते हुए हमेशा मिट्टी से जुड़े रहे। इसलिए वे हमेशा ग्रामीण अंचल के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे और विभिन्न योजनाओं को लागू करवाने में विशिष्ट भूमिका निभाई। आज भी उस दौर के बुजुर्ग लोग उनकी सादगी, ईमानदारी व उनके काम के किस्से गांव-गुहांड में सुनाते नजर आते है।

स्पष्टवादिता, ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण के भाव को आत्मसात करते हुए चौ. दलबीर सिंह जी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं एआईसीसी के महासचिव भी रहे। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने न केवल जन-जन को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया बल्कि जनहित के कार्यों में भी सक्रिय रहे। घमंड तो उन्हें कभी छू भी नहीं पाया। चाहे कोई पीड़ित या साधारण कार्यकर्ता हो या फिर किसी उच्च पद पर आसीन अधिकारी हो, वे सभी से आत्मीयता से मिलते थे और हर समस्या के निराकरण के लिए यथासंभव प्रयासरत रहते थे। दरअसल धन व बल के प्रभाव से दूर चौ. दलबीर सिंह जी सादगी व सच्चाई में विश्वास रखते थे।

चौ. दलबीर सिंह जी जैसी सोच, कार्यशैली व समाज के प्रति निष्ठा आज के दौर में विरले ही नेताओं में देखने को मिलती है। दरअसल उन्होंने छल-प्रपंच व आडंबर रहित राजनीति के नए आयाम स्थापित किए और अपने बनाए सिद्धांतों पर हमेशा कायम रहे। भाईचारे व एकजुटता के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहने वाले चौ. दलबीर सिंह जी के विचार और आदर्श हमेशा समाज व नवोदित राजनेताओं का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

अपने पिता पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चौ. दलबीर सिंह जी से मिली राजनीतिक विरासत को कुमारी सैलजा बखूबी संभाल रही हैं। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए कुमारी सैलजा भी निष्पक्ष, बेदाग व जनहित की राजनीति कर रही हैं। बहन सैलजा की कार्यशैली, तत्परता, अनुशासन व रचनात्मक सोच सभी को प्रभावित करती है। तीन दशकों के राजनीतिक जीवन में सर्व समाज को साथ लेकर चलते हुए बहन सैलजा ने देश की राजनीति में सादगी, ईमानदारी व समर्पण की मिसाल कायम की है। देखा जाए तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा सही मायने में स्वर्गीय चौ. दलबीर सिंह जी के आदर्शों को नए आयाम दे रही हैं।

**- अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल**
**अध्यक्ष, हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट एवं मंत्री, गुरुकुल आर्य नगर, हिसार**
**(मो. 9416122556)**

|| राम || Lovely Salon Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar

Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

# जनता का जोश और उत्साह सत्ता व समय परिवर्तन की ओर इशारा कर रहा है : कुमारी सैलजा

## नाथूसरी चोपटा की अनाजमंडी में आयोजित कांग्रेस जनसंदेश रैली में भारी संख्या भीड़ उमड़ी




**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 4 मार्च :** वर्तमान भाजपा सरकार ने देश-प्रदेश की जनता को सिर्फ जुमलेबाजी करते हुए बहकाने का काम कर रही है। सरकार केवल पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, लेकिन जनता को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में कुछ नहीं किया जा रहा है। इसलिए अब समय आ गया है कि भाजपा की छुट्टी करके कांग्रेस की सरकार बनाए ताकि लोगों को सभी सुविधाएं मिल सके। आप लोगों का जोश बता रहा है कि अब जल्द ही समय बदलेगा। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने आज नाथूसरी चौपटा की अनाज मंडी में संतोष बेनीवाल द्वारा आयोजित कांग्रेस की जनसंदेश रैली में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

आज संघर्ष का दौर है। आज हमारी बहनें कांग्रेस का संदेश घर-घर जाकर पहुंचा रही हैं। इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है कि हम इनका हौसला बढ़ाए। जब मैं पहली बार यहां आई थी, तब देश में कांग्रेस के लिए विकट स्थिति थी। लगता था कि क्या होगा, लेकिन उस विकट हालात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष किया और पार्टी को मजबूत किया। आज भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। आज हमें राहुल गांधी का संदेश जनता तक पहुंचाना है। राहुल गांधी ऐसे कांग्रेस के नेता है तो कभी झुके नहीं। वे जो कहते हैं, सच कहते हैं। आज पीएम मोदी गारंटी की बात करते हैं। आप भाजपा से पूछना कि पिछली बार जो वादा किया था, उसका क्या हुआ। भाजपा ने सभी के खातों में 15 लाख रुपये देने, विदेशों से काला धन लाने का वादा किया था। हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था। आज युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। इसलिए भाजपा बताए कि पहले की गई गारंटी का क्या हुआ। कितने लोगों को रोजगार दिया गया। भाजपा के पास इन सवालों के कोई जवाब नहीं है। भाजपा ने किसानों को भी आमदनी दुगनी करने की गारंटी दी गई थी। लेकिन किसान की फसल की लागत तो डबल हो गई, मगर आमदनी नहीं हुई। आज किसान एमएसपी की गारंटी के लिए आवाज उठा रहे हैं। सरकार किसानों को रोकने के लिए सडको पर कीलें बिछा रही है। किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। भाजपा ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। यह गारंटी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा राम मंदिर के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। भाजपा आज राम नाम की ठेकेदार बन रही है। भाजपा बताए कि क्या राम नाम कहना भी भाजपा ने सिखाया है। हम तो पुराने जमाने से राम-राम कहते आ रहे हैं। इसलिए भाजपा के जुमलों में नहीं आना। उन्होंने कहा कि गत दिवस ओलावृष्टि से किसानों की फसल खराब हो गई है, लेकिन सरकार की ओर से किसानों को कोई आश्वासन नहीं दिया है। इसलिए कांग्रेस की मांग है कि फसलों की स्पेशल गिरदावरी कराकर तुरंत मुआवजा दिया जाए। आप लोगों ने मेरे पिताजी का साथ दिया। मेरा साथ दिया। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद कैसे करू, मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे सिरसा से चुनाव लड़े हुए लंबा वक्त हो गया है लेकिन आज भी मुझे आपका प्यार मिल रहा है। यह हमारा पुराना नाता रहा है जो आगे भी बरकरार रहा है। आगे भी मैं आपकी सेवा करती रहूंगी। चुनाव लड़ना या न लड़ना कांग्रेस हाईकमान तय करता है। लेकिन मैं आपका मान-सम्मान हमेशा करूंगी। आप की सेवा करती रहूंगी।

जनसभा में पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक बलवान दौलतपुरिया, पूर्व विधायक श्री रणधीर धीरा, डॉ. अजय चौधरी, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, राजेश चाडीवाल, रतन गेदर, नवनीत गोदारा, अरविन्द शर्मा, संदीप नेहरा, जयपाल सिंह लाली, बीरभान मेहता, गोपी राम चाडीवाल, नवीन केडिया, मंगत राम लालवास, हरपाल बूरा, सतपाल मेहता, भूपिंदर गंगवा, मलकीत सिंह रंधावा, जग्गा सिंह बराड़, छोटू राम सहारण, लादू राम पूनिया, कृष्ण सातरोड, बलविंदर नेहरा, चंद्रमोहन पटोलिया, सुरजीत भावदीन, सुरेंद्र बंसल, कुणाल खोड, बूटा सिंह थिंद, परमजीत कौर, नित्यानंद महाराज, राजेश पुरखासिया, राकेश तंवर, मास्टर ईश्वर, मास्टर सतबीर सिंह सहित बड़ी संख्या कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेम की समस्या से भूमि बंजर पड़ी है

जनसभा को सम्बोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि सेम की समस्या के कारण सैकड़ों एकड़ भूमि बंजर पड़ी है, सरकार किसी न किसी बहाने से किसानों को गुमराह करती आ रही है, आज तक किसानों को इस समस्या से निजात नहीं मिली है, भूमि होकर भी किसान भूमिहीन बनकर रह गया।

### जल निकासी न होने के कारण जनता परेशान

सैलजा ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि चौपटा शहर की आबादी 05 से 06 हजार के करीब है, लेकिन सीवरेज व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशानी झेल रहे हैं। जल निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण जलभराव की समस्या आम रहती है।

### कॉलेज न होने के कारण उच्च शिक्षा का अभाव

सैलजा ने बताया कि 45 गांवों की 02 लाख से अधिक आबादी होने के कारण कॉलेज की सुविधा नहीं है, जिसके कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सिरसा का रुख करना पड़ता है।

### चौपटा की आबादी को देखते हुए अस्पताल जरूरी

उन्होंने कहा कि आबादी को देखते हुए चौपटा में 100 बैड के अस्पताल की प्रमुखता से जरूरत है। सरकार हर बार झूठा वायदा करके रह जाती है। स्वास्थ्य केंद्र केवल और केवल रेफर सेंटर बनकर रह गए है।

### सरकार पोर्टल के खेल में गुमराह कर रही है

सैलजा ने कहा कि सेम के पानी को इस्तेमाल करने के लिए रंगोई नाले के साथ-साथ प्रोजेक्ट भी लगाया गया, लेकिन कुछ दिनों बाद प्रोजेक्ट बंद हो गया। रंगोई नाला की सफाई तक नहीं करवाई गई, पिछली बरसात में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए थे। सफाई की नही सैम के लिए भी पोर्टल बनाया गया है सरकार जनता के साथ केवल पोर्टल पोर्टल खेल रही है।

### सिंचाई व्यवस्था की ओर सरकार का ध्यान नहीं है

कुमारी सैलजा ने कहा कि पैंतालीसा क्षेत्र एक ओर सेमग्रस्त है तो आधा हिस्सा सूखाग्रस्त है जहां पर सिंचाई पानी की सख्त जरूरत है पर सरकार उस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, सरकार को राजस्थान को पानी देने से पहले चौपटा क्षेत्र के बारे में भी सोचना चाहिए।

---

*गांव तलवंडी राणा में स्थायी सड़क की मांग को लेकर चल रहे धरने को हुए 392 दिन*

# 3 किलोमीटर का राणा माईनर से रोड़ धांसू रोड़ गैस प्लांट तक अलग दिया जाए : ओ.पी. कोहली

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** गांव तलवंडी राणा में स्थायी सडक् की मांग को लेकर चल रहे धरने को आज 391 दिन हो गए हैं। यह जानकारी देते हुए तलवंडी राणा रोड़ बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने बताया कि सर्दी, गर्मी, बारिश, तूफान के बावजूद भारी संख्या में लगातार पुरूषों, महिलाओं, बुजुर्गों, युवा लगातार धरने पर डटे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2.2 किलोमीटर का रास्ता दिया है, जिस पर कार्य चल रहा है, परंतु 3 किलोमीटर का जो रोड़ बाकी है, उसे मंजूर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 2.2 किलोमीटर का जो रोड़ दिया है, उसे पुराने रोड़ से जोड़ दिया गया है, जो कि हवाई अड्डे की तीसरी पट्टी में आ चुका है। इससे पहले वाले हालात ही पैदा हो जाएंगे



और ग्रामीणों से फिर से रोड छीन लिया जाएगा। इसलिए 3 किलोमीटर का राणा माईनर से रोड़ धांसू रोड़ गैस प्लांट तक अलग दिया जाए, ताकि भविष्य में इस समस्या का स्थायी समाधान हो सका। जब तक यह मंजूर नहीं हो जाता हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि धरनारत समिति को शक है कि इस मामले में सरकार पर भू-माफिया का दबाव है, इसीलिए इसमें देर हो रही है। भू-माफिया ने दूसरे रोड की तरफ जमीनें खरीद ली। अपनी जमीनों के दाम बढ़ाने के लिए भी वे इस रोड को बनने में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि तलवंडी राणा रोड़ बंद हो जाने से लाखों ग्रामीण परेशान हैं। लोगों के काम-धंधे ठप हो गए हैं। रोजमर्रा के लिए शहर जाने वाले, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों, दूध, फल, सब्जी विक्रेताओं, किसानों व आम ग्रामीणों को भारी दिक्कतें पेश आ रही हैं। दूरी बढ़ जाने से ग्रामीणों का पैसा व समय बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों की मांग पर 25 जनवरी 2022 को हिसार की अनाज मंडी में जनसभा के दौरान की गई घोषणा का वादा निभाते हुए उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को एयरपोर्ट के बीच से अस्थायी रोड दिया था जिसके बाद ग्रामीणों ने 26 जनवरी को धरना उठा लिया था। लेकिन एयरपोर्ट की पट्टी में आ जाने से यह रोड बंद कर दिया गया। ग्रामीणों की स्थायी रोड़ की मांग को पूरा करते हुए सरकार ने 2.2 कि.मी. का रोड़ मंजूर करवाकर ग्रामीणों को दिया गया जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहा है। इसके साथ ही तीन किलोमीटर का रोड ग्रामीणों को दिया जाए ताकि रोड की समस्या का स्थाई समाधान हो।

---

# लोकसभा चुनाव के बाद देश-प्रदेश से भाजपा का जाना जय : अनुराग ढांडा

*पार्टी सीनियर वाइस प्रेजीडेंट ने किया हिसार में कार्यालय का शुभारंभ*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेजीडेंट अनुराग ढांडा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद देश व प्रदेश से भाजपा का जाना तय है। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगा और हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगा। अनुराग ढांडा रविवार को यहां के डाबड़ा चौक स्थित गौरव प्लाजा में पार्टी के जिला कार्यालय के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की दोगली नीतियों को जनता अब जान चुकी है। हालांकि पिछले चुनाव में भी जनता इनकी सच्चाई जान चुकी थी लेकिन ये काठ की हांडी चढ़ाने में सफल हो गई, लेकिन अबकी बार ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता सहित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा व एनडीए की असलियत सामने आ गई है और उसके नेता पार्टी की टिकट लेने से भी मना करने लगे है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने हिसार पहुंचने पर अनुराग ढांडा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शनिवार को हुई बेमौसमी बरसात व ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवाकर फसल कटाई का समय होने से पूर्व किसानों को मुआवजा देने की मांग की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी पवन फौजी, प्रदेश प्रवक्ता मनोज राठी, सुभाष कुंडू, वीरेन्द्र नरवाल, सतबीर झाझड़िया, संजय बूरा, सीपी गुप्ता, उमेश शर्मा, सीताराम, भूपेन्द्र बैनीवाल, जतिन शर्मा, राजेन्द्र सोरखी, विरेन्द्र शर्मा, वीएल शर्मा, कमल सोलंकी, रेनू चहल, उजाला महेश्वरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

*जनवादी महिला समिति ने मनुवादी हमले व चुनौतियां विषय पर किया सेमिनार*

# महिलाओं के खिलाफ अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं : सुभाषिनी अली

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** सरकार महिलाओं के अधिकारों पर हमले कर रही है। हमारा संविधान गंभीर खतरे में है, जिसकी रक्षा देश के नागरिकों को करनी होगी। उक्त बात पूर्व सांसद, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्या व जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाषिनी अली सहग़ल ने कही। वे स्थानीय जाट धर्मशाला में जनवादी महिला समिति द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की जिला अध्यक्ष शकुन्तला जाखड़ तथा संचालन जिला सचिव बबली लांबा ने किया। अपने वक्तव्य में बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं लेकिन सबसे चिंताजनक बात यह है कि अपराधों और अपराधियों को एक ख़ास चश्मे से देखा जा रहा है। यह



चश्मा जाति, धर्म और अपराधी की राजनितिक स्थिति का है। बिलकीस बानो, जूनियर कोच, महिला पहलवान, हाथरस केस, बीएचयू केस सहित कई ऐसे उदाहरण हैं जिनमें मनुवादी मानसिकता से संचालित होकर भाजपा सरकार ने अपराधियों को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। पीड़ित महिलाओं की आवाज़ को दबाने के लिए हर तरह के औच्छे हथकंडे अपनाए। संविधान और लोकतन्त्र को पूरी तरह से ख़त्म किया जा रहा है। लोगों की निजी मान्यताओं को राजनीति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। आज की राजनीति केवल वोट की राजनीति नहीं है, यह लोगों के दिल और दिमाग़ को हैक करने की साजिश है। यह ऐसी राजनीति है जो अल्पसंख्यकों से नफरत करना सिखाती है और मानवतावादी मूल्यों को खत्म कर रही है। हमें आने वाले चुनावों में इस तरह की राजनीति को मुँह तोड़ जवाब देने की जरूरत है। कार्यक्रम में सेक्टर 13 में डाक्टर दंपति के घर में काम करने वाली महिला एवं उनकी नाबालिग़ बेटी को चोरी के इल्ज़ाम में पुलिस द्वारा उत्पीड़न करने के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव में मांग की गई कि पीड़ित महिला व उसकी नाबालिग बेटी को मुआवजा दिया जाये तथा ज़िम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए, वरना जनवादी महिला समिति आन्दोलन करेगी। कार्यक्रम में मुख्य लोगों में राज्य अध्यक्ष सविता, महासचिव उषा सरोहा, कोषाध्यक्ष राजकुमारी दहिया, रिटायर्ड प्रोफेसर डाक्टर सरोज दहिया, डॉक्टर बलजीत भयान, सीटू नेता एवं पूर्व पार्षद कामरेड सुरेश, मनोज सोनी, एसकेएस के नेता राजेश बागड़ी, अलका सिवाच, मास्टर पवन, मास्टर विनोद, डीवाईएफ़आई के नेता संजू, किसान नेता सतबीर जाख़ोद, कमला, सुरेंद्र मान, सुभाष कोशिक, पंकज, दिनेश सिवाच, होशियारखान, अनिता शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य सतवीर पंवार, मुकेशयादव, निशा, संस्थापक नेता बिमला चौधरी, कोषाध्यक्ष निर्मला आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# ओ.एस.जी.यू. के जॉब फेयर से होगा युवाओं को लाभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में 8 और 9 मार्च को पूल कैंपस नाम से जॉब फेयर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया कि विश्विद्यालय में पिछले साल की तरह इस बार भी जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है और इस बार के जॉब फेयर में 110 से ज्यादा कंपनी विद्यार्थियों की स्किल्स और उनकी नॉलेज के आधार पर उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया की इस जॉब फेयर का मकसद युवाओं को रोजगार उपलब्ध करना है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय युवाओं को एक बेहतरीन मौका दे रही है की युवा अपनी स्किल्स और मेहनत के जरिए नौकरी प्राप्त कर सकते है। इस जॉब फेयर की खास बात यह भी है की विश्विद्यालय के विद्यार्थी और पूरे हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी भी इस जॉब फेयर का हिस्सा बन सकते है। जो युवा इस जॉब फेयर के हिस्सा बनने में रुचि रखते है वह अपना रजिस्ट्रेशन ओ.एस.जी.यू की वेबसाइट (www.osgu.ac.in) पर जाकर अपना नाम निशुल्क रजिस्ट्रर करवा सकते है। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और विश्विद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर से खास बातचीत के दौरान उन्होंने कहा की जॉब फेयर की तैयारियां जोरो-शोरो से चल रही है और ओ.एस.जी.यू सभी युवाओं को इस जॉब फेयर के लिए निमंत्रण देता है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डीन डॉ अमित नांदल इस जॉब फेयर के संचालक रहेंगे, उन्होंने कहा की ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय देश के युवाओं को रोजगार दिलवाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है।

# ऐतिहासिक अग्रोहा टीले की खुदाई का मार्ग हुआ प्रशस्त : निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** हिसार से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ऐतिहासिक स्थल अग्रोहा टीले की खुदाई का मार्ग अब पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। टीले की खुदाई शीघ्र ही शुरू हो जाएगी। यह कहना है शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का। उन्होंने बताया कि आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हरियाणा सरकार व पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसमें खुदाई को लेकर मसौदा तैयार किया गया है। निकाय मंत्री ने बताया कि अग्रसैन फाउंडेसन के पदाधिकारी टीले की खुदाई को लेकर प्रयासरत थे। उन्होंने मुख्यमंत्री, विधान सभा सपीकर व मुझ से मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर मांग रखी थी। इसके ऐतिहासिक महत्व और उपयोगिता को देखते हुए अपनी ओर से मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति प्रकट कर दी थी। आज इसी प्रक्रिया के तहत समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। कैबिनेट मंत्री ने इस पर मुख्य मंत्री का आभार प्रकट किया है।



पुरातात्विक विभाग और हरियाणा सरकार के बीच खुदाई को लेकर एमओयू साइन होने के मौके पर उपस्थित मुख्यमंत्री मनोहर लाल, विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व पुरातात्विक विभाग के अधिकारी।

### देश- विदेश के बड़े- बडे निवेशक ले रहे परियोजना में रूचि

निकाय मंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसैन की पवित्र भूमि अग्रोहा में अग्रोहा ग्लोबल सिटी निर्माण की योजना प्रस्तावित है। यह बहुत बड़ी महत्वकांक्षि योजना है, जो 2000 किलोमीटर क्षेत्रफल में विकसित होगी व 18 सैक्टरों में इसे विभिक्त कर इसका निर्माण किया जाएगा। देश- विदेश के बड़े- बडे निवेशकों ने इस परियोजना में अपनी रुचि लेनी शुरू कर दी है। टीले की खुदाई भी इसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि अग्रोहा का प्राचीन गौरवमय इतिहास इस टीले में दबा है। उन्होंने कहा कि टीले की पूर्व में हुई खुदाई के अवशेषों को एकत्रित कर व नई खुदाई से प्राप्त अवशेषों को एक बड़े संग्रहालय का निर्माण कर उसमें रखा जा सकेगा।

हिसार के महाराजा अग्रसैन सैन हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा स्थापित करने व अग्रोहा में शोध के लिए स्थित महाराजा अग्रसैन मेडिकल के नाम पर चेयर स्थापित किए जाने की मुख्यमंत्री की घोषणा पर निकाय मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के मान सम्मान में मुख्यमंत्री कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अग्रवाल समाज मुख्यमंत्री का हमेशा अहसानमंद रहेगा।

# बारिश में खराब हुई फसलों का किसानों को मिलेगा मुआवजा : उपायुक्त

### *जल्द खोला जाएगा ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल, किसान को करना होगा फसल खराबे का पंजीकरण*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हॉल ही में हुए भारी बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण प्रभावित हुई फसलों के नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को जल्द ही खोल दिया जाएगा, इसके लिए मुख्यालय को अवगत करा दिया गया है। किसान पोर्टल पर अपनी फसल को हुए नुकसान ब्यौरा अवश्य दें। उन्होंने बताया कि ई-फसल क्षतिपूर्ति पर सूचना देने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण अनिवार्य है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को जल्द ही खोल दिया जाएगा। पोर्टल खुलने उपरांत ऐसे किसान जिनकी फसल खराब हुई है, वे ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर क्षतिग्रस्त हुई फसल की भरपाई के लिए आवेदन करें। उपायुक्त उत्तम सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी पूरी तत्परता व पूर्ण पारदर्शिता के साथ आगामी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# आचार संहिता लागू होने से पूर्व हरियाणा विधानसभा के अगले सचिव का होगा चयन?

## इसी माह के अंत में वर्तमान सचिव आर. के. नांदल की है सेवानिवृत्ति

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 4 मार्च :** हरियाणा विधानसभा के वर्तमान सचिव राजेंद्र कुमार नांदल की सेवानिवृत्ति इसी माह मार्च के अंत में निर्धारित है। विधानसभा सचिवालय में विभिन्न वरिष्ठ पदों पर सत्तरह वर्ष से ऊपर की सेवा करने वाले नांदल नवम्बर, 2006 में अर्थात भूपेन्द्र हुड्डा की सरकार दौरान एवं जब झज्जर जिले के बेरी विधानसभा हलके से कांग्रेस विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादयान तत्कालीन 11वीं विधानसभा के स्पीकर (अध्यक्ष) थे, तब नांदल की विधानसभा सचिवालय में सीधे उप सचिव के पद पर नियुक्ति हुई थी जिसके बाद जनवरी, 2010 में वह संयुक्त सचिव, तत्पश्चात फरवरी,2012 में अतिरिक्त सचिव और अगस्त, 2014 में वह सचिव के तौर पर पदोन्नत हुए।

बहरहाल, इस सबसे बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि जब नांदल अगस्त, 2014 में विधानसभा सचिव बने, तो उस दौरान सचिव पद पर 25 वर्ष से ऊपर का कार्यकाल पूरा कर चुके सुमित कुमार भी सेवारत थे एवं उनकी तब अढ़ाई वर्ष की सेवा शेष थी। बहरहाल, नांदल के सचिव बनने पर सुमित को प्रधान सचिव के तौर पर पदांकित कर दिया गया एवं वह 31 जनवरी, 2017 तक उस पद पर रहे थे। सुमित अप्रैल, 1989 में ताऊ देवी लाल की सरकार दौरान एवं जब हरमोहिंदर सिंह चट्ठा तत्कालीन 6वीं विधानसभा के स्पीकर थे, तब सीधे विधानसभा सचिव नियुक्त हुए थे एवं इस पद पर वह लगातार 28 वर्ष तक पदासीन रहे जो अपने आप से एक रिकॉर्ड है।

बहरहाल, नांदल की विधानसभा सचिव पद से सेवानिवृत्ति से पूर्व ही क्या उनके उत्तराधिकारी का चयन एवं नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है या नहीं, यह देखने लायक होगा। चूँकि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 18वीं लोकसभा आम चुनाव की घोषणा इस माह के मध्य से पूर्व कभी भी हो सकती है एवं जिस घोषणा के साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी एवं उसके बाद विधानसभा सचिव पद पर नियमित नियुक्ति मई माह के अंत तक अर्थात लोकसभा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने का लटक सकती है।

## विधानसभा सचिवालय सेवा नियमानुसार प्रदेश सरकार द्वारा स्पीकर से परामर्श कर होती है सचिव पद पर नियुक्ति : एडवोकेट

हेमंत ने बताया कि हरियाणा विधानसभा सचिवालय सेवा नियम, 1981 अनुसार हालांकि विधानसभा के सभी पदों की नियुक्ति स्पीकर द्वारा की जा सकती है परन्तु जहाँ तक विधानसभा सचिव के पद का प्रश्न है, तो इस पद पर प्रदेश सरकार द्वारा स्पीकर से परामर्श कर सचिव की नियुक्ति की जाती है।

जहां तक विधानसभा सचिव के लिए निर्धारित योग्यता एवं अनुभव का विषय है, हेमंत ने बताया कि इस पद के लिए सीधी भर्ती द्वारा, प्रमोशन द्वारा, ट्रांसफर द्वारा और डेपुटेशन (प्रतिनियुक्ति) द्वारा नियुक्ति की जा सकती है। जहाँ तक सीधी भर्ती का विषय है, तो इसके लिए विधि स्नातक अर्थात लॉ डिग्री (प्रोफेशनल) के साथ साथ या तो सचिवालय प्रशासन, संसदीय प्रक्रिया और विधानसभा के नियमों के व्यवहारिक ज्ञान और पर्यवेक्षीय क्षमता के तौर पर आठ वर्ष का अनुभव अथवा अधीनस्थ न्यायालय में वकील के तौर पर 10 वर्षो की प्रैक्टिस या हाई कोर्ट में वकील के तौर पर 5 वर्ष की प्रैक्टिस होनी चाहिए। जहाँ तक प्रमोशन से विधानसभा सचिव पद पर नियुक्ति का विषय है, तो विधानसभा सचिवालय में एक वर्ष के अनुभव वाला अतिरिक्त सचिव इस पद के लिए योग्य है। इसके अतिरिक्त उपयुक्त ग्रेड का प्रदेश कैडर का आईएएस अधिकारी एवं प्रदेश के महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) कार्यालय में तैनात सहायक महाधिवक्ता, उप -महाधिवक्ता और वरिष्ठ उप महाधिवक्ता, जो पब्लिक प्रासीक्यूटर नियुक्त होने के योग्य हो, वह भी ट्रान्सफर आधार पर विधानसभा सचिव बन सकता है। इसी प्रकार प्रदेश के वरिष्ठ जुडिशल सेवा कैडर अर्थात अतिरिक्त डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज रैंक का न्यायिक अधिकारी भी प्रतिनियुक्ति पर विधानसभा सचिव बन सकता है।

# सांसद बृजेंद्र सिंह 5 मार्च को सार्वजनिक कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** सांसद बृजेंद्र सिंह 5 मार्च को जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में शिरकत कर सांसद निधि कोष से करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं टैंकर वितरण समारोह में शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि सांसद 5 मार्च को दोपहर 1 बजे पंचायत भवन में सांसद निधि कोष से करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं टैंकर वितरण समारोह में शामिल होकर टैंकर वितरित करेंगे।

# आदमपुर पॉलीटेक्निक की एनएसएस यूनिट ने नशाखोरी के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

### युवा नशे की लत से बचकर करें स्वस्थ समाज का निर्माण : राकेश शर्मा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** आदमपुर राजकीय बहुतकनीकी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवाओं में बढ़ती हुई नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एनएसएस अधिकारी डॉ राकेश शर्मा के निर्देशन में जागरूकता रैली निकाली गई। संस्थान से रैली प्रारंभ करने से पूर्व एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा द्वारा सभी स्वयं सेवकों को स्वयं नशा न करने व किसी ओर को न करने देने के लिए शपथ दिलवाई गई। प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत, वरिष्ठ प्राध्यापक सुरेश पुनिया, विक्रम डोगरा, विवेक दलाल, राजकुमार, अमित कुमार, मनोज गोस्वामी, हवासिंह नांदल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत ने कहा कि जागरूकता से ही नशे को रोका जा सकता है। बढ़ते हुए अपराध का मुख्य कारण नशा ही है। ग्रुप लीडर निशांत ने बताया कि रैली के माध्यम आदमपुर गांव में विभिन्न स्थानों पर जाकर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सह संयोजक मनोज गोस्वामी सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के कल्याणार्थ श्री श्याम बाबा जागरण 22 को सातरोड़ कलां में

### *जागरण में एकत्रित दान राशि से की जाएगी दिव्यांगों की सहायता*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** मानव दिव्यांग परिषद् ट्रस्ट व बजरंग मण्डल के सहयोग से 22 मार्च को श्री श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में मानव दिव्यांग परिषद् ट्रस्ट की एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जागरण की रूपरेखा तैयार की गई। बजरंग मण्डल के प्रधान शमशेर सिंह ने बताया कि जागरण में कलाकारों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर झांकियों व फूल मालाओं से पण्डाल को सजाया जाएगा। मानव दिव्यांग परिषद् ट्रस्ट आश्रम सातरोड़ कलां के प्रधान सन्नी सातरोड़ ने बताया कि जागरण में जो भी दान राशि एकत्रित होगी, उससे पूरे वर्ष दिव्यांगों की अलग-अलग प्रकार से सहायता की जाती है। उन्होंने सभी श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में जागरण में भाग लेने की अपील की। अवसर पर सन्नी, अनिल, उदय भगाना, भजन, सन्दीप, मन्दीप व संजय आदि उपस्थित रहे।






# छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के साप्ताहिक विशेष एनएसएस शिविर का समापन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के साप्ताहिक विशेष एनएसएस शिविर का गत दिवस समापन हो गया। समापन समारोह में जाट शिक्षण संस्थान के कोषाध्यक्ष सागर सिवाच ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कॉलेज प्राचार्या डॉ नीलम सिंह ने मुख्य अतिथि का विधिवत स्वागत किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सागर सिवाच ने कहा कि युवा अपनी समाज के प्रति जिम्मेदारी को समझें तथा जागरूक नागरिक के तौर पर अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि सजग युवा कामयाब युवा से बेहतर होता है। साप्ताहिक विशेष शिविर के पुरुष वर्ग में रवि घोसला तथा महिला वर्ग में विपना को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। स्वयंसेवक मनदीप, दीपिका, आलोक राठौर तथा हेमंत को भी शिविर प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया। साप्ताहिक शिविर में महाविद्यालय की तीन एनएसएस इकाईयों से 150 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

# वक्त बुरा नहीं होता, होते करम ख़राब, रब की पत्री में लिखा सबका खरा हिसाब...

### *अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच इकाई हिसार द्वारा ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच इकाई हिसार द्वारा एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मंच संचालन मंच की अध्यक्ष सीमा शर्मा ने किया। गोष्ठी की शुरुआत मधुर स्वरों में मॉ वीणापाणि की वंदना से की। कवयित्री आरती बंसल ने 'उसने मुझे कभी नहीं लिखा एक अदद प्रेम पत्र, कभी खुलकरनहीं किया प्यार का इज़हार जाने लोग कैसे तय करते हैं रूह से रूह का सफ़र' सुनाकर सब का दिल जीत लिया। मंच की उपाध्यक्ष कवयित्री डिम्पल सैनी ने अपनी रचना 'एक सवेरे, झरोखे से जाने वो कौनसी एक किरण इस चेहरे पर आकर ठहर गई और ये कौन अजनबी मेरी ख़ातिर चुटकी भर सूरज ले आया' सुना भाव विभोर कर दिया। हिसार इकाई की अध्यक्ष कवयित्री सीमा शर्मा ने अपनी बेहतरीन कविता 'इंस्टा, फेसबुक, व्हाट्सएप पे हंसते दिखते जितना, उतना असली ज़िन्दगी में भी कहकहे हो जाएं, जिस तरह खुशी मिल रही कुछ पलों के लिए, कुछ तो ऐसा हो ये किस्सा सदा का हो जाये' प्रस्तुत कर सराहना पायी। मंच की सचिव कवयित्री ऊषा ठकराल ने अपनी कविता 'खिलते फूल चहचहाते पक्षी फूल फूल पर झूल झूल कर भंवरे गाते गाना, डाल डाल पर पात पात पर कोयल का चहचहाना, खेतों में पीली सरसों का लहराना देता जो संदेश बसंत के आने का' सुनाई। कवि डॉ. माहिया समीर ने 'नाम समझ आ गया है प्यारे राम समझ आ गया है प्यारे, सबके मन में रहते हैं वो देखो अपने मन में सार' सुनाकर भक्ति भावों को जगाया। कवयित्री रिम्पी अंकुर लीखा ने 'वक्त बुरा नहीं होता, होते करम ख़राब, रब की पत्री में लिखा सबका खरा हिसाब' सुनाकर अपनी खूबसूरत आवाज़ से समां बांध दिया। कवि बलबीर सिंह वर्मा 'वागीश' ने 'नारी है नर की शक्ति नारी है नर का आधार, नारी पर ही टिकी सृष्टि, बिन नारी सूना संसार' अपनी बेहतरीन कविता सुनाई। कवयित्री अरुणा आहूजा ने 'कुछ कर गुज़रने की है, जिजीविषा अगर, खुद को खंगाल, स्वयं को संभाल। विभीषिका से लड़, तू न डर, भावों का रुख, तू न झुक। झाँक और देख फूटता अंदर एक झरना है, तूने हौसला ही तो बुलंद करना है' सुना समां बांधा। कवयित्री डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने 'गरीब की भूख को स्वांग का चोला न समझना थोड़ा सा दर्द अपने दिल में उनके लिए भी रखना और अपनी आत्मा को तुम थोड़ा सा जिन्दा जरूर रखना' प्रस्तुत कर मुक्त कंठ से प्रशंसा पायी। कवयित्री एकता कोचर रेलन ने 'विद्या अनमोल धन, यही दिलाए मान लाडली, पैरों पर जो हो खड़ी, क़दमों तले जहान लाडली' सुनाकर सभी में मनोहर भाव जागृत कर दिये। कवयित्री रिया नागपाल ने 'एक रोज़ उसे देखा तो ऐसा लगा गुलाब की पंखुडियों जैसा लगा, उसका मुस्कुराता चेहरा, उसकी झुकी नज़रे नरम लहजा बयान कर रही थी उसकी कहानी' को सभी ने खूब सराहा। कवयित्री स्नेह प्रेमचंद ने 'बहुत अच्छे से जानती हो तुम कर्म ही व्यक्ति का अलंकार,आज ही शक्ति हो नारी सुंदर तन मन सुंदर विचार' सुनाकर नारी मन को उजागर किया।



# किसान शुभकरण को दी श्रद्धांजलि




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** हिसार लघु सचिवालय के सामने चल रहे धरने पर किसान शुभकरण की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पगड़ी संभाल जट्टा किस संग्रह समिति के जिला प्रधान सतीश बेनीवाल व किरण शर्मा ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन आत्माराम पाटन ने किया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की जिला हिसार की कार्यकारिणी की मीटिंग भी की गई। मीटिंग में 8 तारीख को क्रांति मैन पार्क हिसार से पैदल दिल्ली कूच की तैयारी की समीक्षा की गई। इस पैदल कोच में हिसार जिले के हर गांव से किसान शामिल होंगे वह हजारों की संख्या में दिल्ली की तरफ कूच करेंगे व 7 दिनों तक अलग-अलग गांव में रुकते हुए 14 तारीख को कटला रामलीला की किसान महापंचायत में शामिल होंगे। इस अवसर पर चरण पाल लुदास, मुकेश डाया, पवन रावलवास, ओम सदलपुर, कर्ण सिंह, राजपाल बेरिया आदि किसान नेता उपस्थित थे।

# हरियाणा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव : सरकारों के खर्च में 50-50 प्रतिशत की बचत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 4 मार्च :** हरियाणा की मौजूदा 14वीं विधानसभा, जिसका औपचारिक गठन 4 नवम्बर 2019 को हुआ था, के कार्यकाल के आज 4 मार्च 2024 को 52 महीने पूरे हो गये हैं। इस प्रकार वर्तमान विधानसभा का 8 माह का कार्यकाल शेष है।

हालांकि सामान्य परिस्थितियों में हरियाणा विधानसभा के अगले आम चुनाव सितम्बर- अक्टूबर, 2024 में निर्धारित हैं परन्तु इन्हें अगले एक-दो माह अर्थात अप्रैल-मई, 2024 में होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव जिनके साथ-साथ देश के चार राज्यों-आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम की विधानसभाओं के आम चुनाव भी होने हैं, के साथ भी हरियाणा विधानसभा के अगले आम चुनाव कराये जा सकते हैं। इसी माह मार्च के मध्य तक या संभवतः उससे पूर्व भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 18वीं लोकसभा और उपरोक्त चार राज्यों की विधानसभा आम चुनाव सम्बन्धी सम्पूर्ण चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी।


आज यहाँ जारी ई-मेल द्वारा भेज गए एक ब्यान में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत कुमार ने दावा किया कि अगर लोकसभा आम चुनाव के साथ किसी प्रदेश विधानसभा के आम चुनाव भी कराये जाते हैं, तो उस परिस्थिति में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार पर उस राज्य में पूरे चुनावी प्रक्रिया पर होने वाले खर्चे का आधा-आधा अर्थात 50-50 प्रतिशत ही बोझ पड़ता है। सामान्य परिस्थिति में हर राज्य में लोकसभा चुनाव का पूरा खर्च केंद्र सरकार और सम्बंधित विधानसभा चुनाव का पूरा खर्च वहां की प्रदेश सरकार वहन करती है। इस प्रकार अगर हरियाणा विधानसभा के अगले आम चुनाव आगामी अप्रैल-मई 2024 में निर्धारित 18वीं लोकसभा आम चुनाव के साथ करवाये जाते हैं, तो हरियाणा सरकार का आधा खर्च बच सकता है। वर्ष 1991 और वर्ष 1996 में हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा आम चुनाव एक साथ करवाए गये थे। देश के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार प्रदेश की निर्वाचित विधानसभा का सामान्य कार्यकाल उसकी आयोजित पहली बैठक से पांच वर्ष तक होता है। चूँकि वर्तमान हरियाणा विधानसभा की प्रथम बैठक 4 नवम्बर 2019 को बुलाई गई थी जिसमें सभी नव-निर्वाचित सदस्यों (विधायकों) को शपथ दिलाई गई थी, इसलिए मौजूदा विधानसभा का सामान्य कार्यकाल 3 नवम्बर 2024 तक है अर्थात आज से आठ माह और शेष बचा है।

हेमंत ने आज तक हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों के आधिकारिक रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद बताया कि जनवरी, 1972 में तत्कालीन बंसी लाल सरकार ने, दिसम्बर,1999 में तत्कालीन ओम प्रकाश चौटाला सरकार ने और अगस्त, 2009 में तत्कालीन भूपेंद्र हुड्डा सरकार ने समय पूर्व तत्कालीन हरियाणा विधानसभा को भंग करने का निर्णय लेकर प्रदेश में जल्द विधानसभा आम चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। रोचक बात यह है कि तीनों बार सत्ताधारी सरकार लगातार अगली बार प्रदेश में सरकार बनाने में सफल रही थी।

उन्होंने बताया कि सामान्यतः विधानसभा के भंग होने की तारीख से छः माह के भीतर अगले आम चुनाव कराये जा सकते हैं हालांकि यह चुनाव आयोग के विवेकाधिकार पर निर्भर करता है कि अगर वह चाहे तो अगले एक-दो माह अर्थात अप्रैल-मई 2024 में निर्धारित 18वीं लोकसभा आम चुनावो के साथ भी हरियाणा विधानसभा के अगले आम चुनाव करा सकता है चूंकि दोनों आम चुनाव के मतदान के दौरान 1 जनवरी 2024 की योग्यता तिथि के आधार पर हरियाणा प्रदेश के 90 विधानसभा हलकों की संशोधित और अपडेट की गई मतदाता सूचियों का, वही मतदान केंद्र (बूथ), चुनावी स्टाफ (कर्मचारी) और सुरक्षा कर्मियों आदि का प्रयोग किया जा सकता है। एक साथ दोनों आम चुनाव होने पर हर मतदाता को एक ही मतदान केंद्र में जाकर दो वोट - एक स्थानीय लोकसभा सांसद के लिए और दूसरा स्थानीय विधायक चुनने के लिए डालने होते हैं।

# ओलावृष्टि से फसलें हुई बर्बाद, मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

## 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार : दिलबाग हुड्डा लुदास



मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दिलबाग हुड्डा लुदास।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** आज संयुक्त किसान मोर्चा हिसार ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें जिले के विभिन्न गांव में 2 मार्च को हुई भारी ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, चना व अन्य फसल बहुत ज्यादा बर्बाद हो चुकी है, इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा हिसार ओलावृष्टि से खराब हुई फसल की स्पेशल गिरदावरी करवाना चाहता है। धरने की अध्यक्षता भा कि यू प्रदेशाध्यक्ष दिलबाग हुड्डा लुदास और संदीप सिवाच ने संयुक्त रूप से की। दिलबाग सिंह हुड्डा ने कहा कि फसल का कम से कम 50000 पर एकड़ मुआवजा मिलना चाहिए, क्योंकि किसानों को काफी भारी नुकसान हुआ है और किसानों पर बच्चों तक की फीस देने के लिए भी तंगी का सामना करना पड़ रहा है,। इसके साथ ही आज 72 गांवों का बीमा क्लेम का एसकेएम हिसार का धरना 62वें दिन में प्रवेश कर गया। मंच का संचालन मास्टर प्रताप और विजय जागलान ने किया। इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य हवा सिंह हिन्द्वान, सुरेंद्र मान, अमर सिंह श्योराण, धौला जेवरा एवं भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

# समझौता ज्ञापन अग्रोहा व हिसार के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा : अग्रवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के जिलाध्यक्ष व सजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल ने ऐतिहासिक अग्रोहा के टीले की खुदाई व विकसित करने को लेकर एएसआई और पुरातत्व विभाग के बीच हुए समझौता ज्ञापन को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि अग्रोहा टीले की खुदाई करने, राखी गड़ी के तर्ज पर पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित करने, म्यूज़ियम बनाने, अग्रसेन मैडिकल कॉलेज में महाराजा अग्रसेन चेयर स्थापित करने, अग्रोहा धाम और राखीगढ़ी के लिए दिल्ली और चण्डीगढ से विशेष बसें चलाने, हिसार हवाई अड्डे में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने के निर्णय तथा अग्रोहा ग्लोबल सिटी बनाने की प्रस्तावित योजना से समूचे समाज में खुशी की लहर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, विधानसभा अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध जनों का इस काम में बड़ा सहयोग रहा है, जिनकी बदौलत यह कार्य शुरू हो रहा है। अग्रवाल ने कहा है कि समस्त अग्रवाल समाज सहित जनमानस की आस्था का केंद्र अग्रोहा तेजी से विकसित होता हुआ क्षेत्र है और यहां कुलदेवी महालक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन के दो विशाल मंदिर भी हैं। देश के पांचवें धाम के रूप में स्थापित इस क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज भी है। उन्होंने कहा है कि इस टिले की खुदाई से अग्रोहा के गौरवपूर्ण इतिहास का पता चल सकेगा।

# मनुष्य को स्वस्थ रखती है शारीरिक स्वच्छता : डॉ. प्रियंका

## स्प्रिंग फील्ड स्कूल में हेल्थ केयर सेमिनार का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** सोमवार को स्प्रिंग फील्ड स्कूल में हेल्थ केयर सेमिनार का आयोजन किया गया,जिसमें जिंदल अस्पताल की डॉ. प्रियंका, डॉ. संगीता, डॉ. अदिती व डॉ. प्रीति मौजूद रहीं। सेमिनार में उन्होंने बताया कि शारीरिक स्वच्छता मनुष्य को स्वस्थ रखती है। यदि स्वच्छता ना हो तो मनुष्य रोगों से ग्रस्त हो जाता है, वह अनेक प्रकार के दुखों से पीड़ित रहता है। विभिन्न डॉक्टर्स ने विभिन्न पहलुओं पर बताते हुए कहा कि स्वच्छता मानसिक हो या शारीरिक दोनों ही आपके स्वास्थ्य पर प्रभावित डालती है। इस सेमिनार के दौरान कक्षा छठीं, सातवीं, आठवीं के विद्यार्थी एवं स्कूल का स्टाफ व प्रधानाचार्य नीरजा खन्ना उपस्थित थीं। प्रधानाचार्य ने सभी डॉक्टर्स, स्टाफ व बच्चों का धन्यवाद किया।

# नेहा धवन को मिला समाज रत्न अवॉर्ड



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 4 मार्च :** वरिष्ठ भाजपा नेत्री नेहा धवन को सर्व पंजाबी खत्री समाज के द्वारा समाज में उनकी राजनीतिक और सामाजिक भूमिका के कारण समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम भिवानी में पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में अभिनंदन समारोह के नाम से आयोजित किया गया। इस आयोजन में पंजाबी खत्री और अरोड़ा समाज के वरिष्ठ जन हजारों की संख्या में उपस्थित थे। नेहा धवन के उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनका अभिनंदन कर उन्हें समाज रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आपको बता दें नेहा धवन पिछले लगभग कई वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं। वह हरियाणा में सामाजिक समरसता की मिसाल बनते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। नेहा धवन को समाज रत्न अवॉर्ड जींद के विधायक कृष्णा मिढ़ा, हनुमान जोहड़ी धाम के महंत चरण दास जी, भाजपा भिवानी के जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़, सर्व खत्री समाज के अध्यक्ष व् पूर्व में वाइस चांसलर रहे सर्वानंद आर्य, भाजपा भिवानी के जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डूडेजा, संजय दुआ, सुमिता डूडेजा के हाथों प्राप्त हुआ। पंजाबी समाज ने उन्हें सम्मान स्वरूप पगड़ी, शाल, चद्दर और स्मृति चिन्ह दे कर उनका मान सम्मान बढ़ाया। नेहा धवन ने समाज रत्न अवॉर्ड प्राप्त कर अपने समाज का आभार व्यक्त किया और समाज और देश के लिए हमेशा काम आने का वादा किया।

# सरकार ने अग्रोहा में टीलें की खुदाई के लिए जो एमओयू साइन किया वह सराहनीय कदम : बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने टीलें की खुदाई के काम के लिए खुशी जाहिर की। बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम देश का पांचवां धाम है। धाम के साथ देश के वैश्य समाज व आम जनता की आस्था जुड़ी हुई है। अग्रोहा धाम के निर्माण का काम सन 1976 में तेजी से शुरु किया गया था। अग्रोहा धाम लगभग 30 एकड़ में बना हुआ है जो पहले टीलें के रूप में था इसकी सफाई करवाकर अग्रोहा धाम का भव्य निर्माण करवाया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी। महाराजा अग्रसेन जी का महल जो 125 एकड़ में बना हुआ था जो टीलें के रूप में बदल चुका है। उस टीलें की थोड़ी बहुत खुदाई का काम अंग्रेजों के शासनकाल में 1888-89 के दौरान हुआ था और उसके बाद कुछ खुदाई का काम दोबारा 1938-39 में हुआ था। खुदाई के समय चांदी के सिक्के मिले। मोहरे व पत्थर की मूर्ति, लोहे,तांबे के उपकार और अर्ध कीमती पत्थरों के मोती आदि सामग्री मिली थी। खुदाई में उस समय लगभग 7 हजार कलाकृतियाँ मिली थी। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा टीलें की खुदाई के लिए हम काफी समय से संघर्ष कर रहे थे जबकि टीलें की खुदाई की घोषणा केंद्रीय मंत्रियों द्वारा अग्रोहा धाम के वार्षिक सम्मेलन में कई बार की गई थी। आज जाकर अग्रोहा धाम के प्रतिनिधि व वैश्य समाज का सपना पूरा होने जा रहा है। सरकार द्वारा अग्रोहा की टीलें की खुदाई के लिए जो एमओयू साइन किया है, वह सराहनीय कदम है।


डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स
व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573



**Name Change**

I, Usha Rani W/o Sh. Rajender Kumar Chhabra R/o H. No. 82, Near Gobind Place Defence Colony, Hisar (Haryana) do hereby declare that I have changed my name from USHA RANI to USHA RANI CHHABRA for future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Rajender Kumar S/o Sh. Ram Sarup Chhabra R/o H. No. 82, Near Gobind Place Defence Colony, Hisar (Haryana) do hereby declare that I have changed my name from RAJENDER KUMAR to RAJENDER KUMAR CHHABRA for future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Anita Verma W/o Vikas Verma R/o H. No. 1063, Sector-14, Hisar, Haryana do hereby declare that I have changed my name from ANITA VERMA to ANITA RANI for future purpose.

- Deponent








# महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन का स्टेच्यू स्थापित करने की घोषणा से पूरे अग्रवाल समाज मे हर्ष की लहर : रतेरिया

## मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का जताया आभार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 4 मार्च :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने अग्रोहा में स्थित महाराजा अग्रसेन मैडिकल कॉलेज में शोध के लिए महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर और हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा करने एवं अग्रोहा में स्थित पुरात्व स्थल को विकसित करने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा पुरातत्व एवं सग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सचिव एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल एवं हरियाणा सरकार मे कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अग्रोहा से पूरे विश्व के अग्र बंधुओं की भावना जुडी हुई है। इस घोषणा से पूरे अग्रवाल समाज मे हर्ष की लहर है। उन्होंने कहा कि अग्रोहा धाम को पुरातत्व की दृष्टि से विकसित होने से जहां समाज की वर्षो से अग्रोहा स्थल और महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरूष के बारे में लोग जानकारी प्राप्त करने की इच्छा पूरी होगी वहीं पुराने अग्रोहा की खुदाई और विकास के बाद पूरे विश्व को भारत की समृद्ध संस्कृति का पता चलेगा।

# चेतन गर्ग ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के खिलाफ केस जीता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 मार्च :** भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत मुख्य प्रबंधक चेतन कुमार गर्ग ने फरवरी 2020 में बैंक को ₹300000 का मेडिकल बिल दिया था।स्थानीय रीजनल मैनेजर ने उनका बिल पास करने के लिए रोहतक जोनल ऑफिस में भेज दिया ।उसके बाद रोहतक जोनल ऑफिस ने चंडीगढ़ स्थानीय प्रधान कार्यालय को भेज दिया। चंडीगढ़ कार्यालय ने कॉरपोरेट सेंटर मुंबई भेज दिया। इस बिल का भुगतान करने के लिए गर्ग ने चार बार बैंक को अपनी रिप्रेजेंटेशन भेजी कि उनका बिल बैंक की इंस्ट्रक्शंस के तहत अदा करने योग्य है परंतु बैंक की चीफ मेडिकल ऑफिसर ने उनकी रिप्रेजेंटेशन स्वीकार नहीं करी। बिल कॉरपोरेट सेंटर मुंबई को गर्ग ने चार बार बैंक से विभिन्न तिथियां में प्रार्थना की की मेरा बिल अदा किया जाए क्योंकि यह हर तरह से बैंक के इंस्ट्रक्शंस के हिसाब से अदा करने योग्य है परंतु बैंक ने उनकी प्रार्थना हर बार अस्वीकार कर दी। आखिर उन्हें पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट का सहारा लेना पड़ा । उनके वकील नमन जैन ने उनकी तरफ से केस की पैरवी की। 7.12.23 को जगमोहन बंसल की सिंगल बेंच ने श्री गर्ग के पक्ष में आदेश दिया और बैंक को ₹300000 अदा करने के लिए निर्देश दिए परंतु 7.12.23 के न्यायालय के आदेश के बाद भी बैंक ने उनकी बिल की पेमेंट नहीं करी तो गर्ग ने उनके विरुद्ध 31 जनवरी 2024 को कंटेंप्ट पिटिशन फाइल करी। कंटेंप्ट पिटीशन में जज श्रीमान राजवीर शेरावत ने बैंक को निर्देश दिए की 28.2.24 तक इनकी पेमेंट कर दी जाए यदि नहीं होगी तो बैंक के अध्यक्ष श्री दिनेश खारा बैंक की चीफ मेडिकल ऑफिसर और स्थानीय रीजनल मैनेजर को न्यायालय को अवमानना की प्रोसीडिंग के लिए 28 तारीख को हाई कोर्ट में स्वयं पेश होना होगा। उस ऑर्डर में यह लिखा था कि यदि 7.12.23 के आर्डर के खिलाफ अपील की जाती है तो यदि डबल बेंच उसको स्टे दे देता है तो बैंक 28.02.24 को अपीलेट कार्ट के आर्डर के तहत 28.02.24 तक भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगाऔर अपील सिर्फ पेंडिंग है तो बैंक को भुगतान करना ही होगा। 22 फरवरी 2024 के डबल बेंच के निर्णय में बैंक को स्टे नहीं मिला और बैंक ने कंटेंप्ट पिटिशन में आगामी कार्यवाही से बचने के लिए 26.02.24 को ही श्री गर्ग के खाते में ₹300000 जमा करवा दिए।


Mahatma Gandhi Institute of Medical Sciences
We are Hiring
Medical Staff
- GNM Staff
  Minimum 1 Year Experience
- B.Sc. Staff
  Minimum 1 Year Experience
- ICU Staff
  Well experienced & qualified

Salary no bar for deserving candidates
Interview
Friday & Saturday
Timing: 5 pm to 6 pm
Call Now : 93062 11312, 9992487111
e-mail : mghhisar2017@gmail.com
ITI, Chowk, Behind Hari Palace, Hisar

